**खबर संक्षेप**

### विश्वविद्यालय में 'जनजातीय नेतृत्व' पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में जनजातीय अध्ययन एवं विकास केंद्र तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारत की आज़ादी में जनजातीय नेतृत्व की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रो. रामशंकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने जनजातीय नायकों के अमर संघर्ष और बलिदान पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत करते हुए उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में रचना परस्ते ने 17वीं शताब्दी से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति तक जनजातीय आंदोलनों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने टंट्या भील, रानी दुर्गावती, शंकरशाह और रघुनाथ शाह के साहसपूर्ण नेतृत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। रचना ने बताया कि इन नायकों ने न केवल अंग्रेजी शासन का डटकर मुकाबला किया बल्कि जनजातीय समाज की अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए असाधारण योगदान दिया। प्रियांशु अग्रवाल ने मुगल काल से आधुनिक काल तक के जनजातीय प्रतिरोध आंदोलनों पर प्रकाश डालते हुए जनजातीय समाज की राष्ट्रभक्ति, बलिदान और संघर्षशीलता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय सदैव से भारत की अखंडता और स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत रहा है। इसके अलावा पप्पू नायक, राम अभिषेक तथा शिवांजलि शुक्ला ने भी अपने प्रखर विचारों और प्रभावी वक्तृत्व शैली से दर्शकों को प्रभावित किया। उनके वक्तव्यों में जनजातीय परंपराओं, संघर्ष के इतिहास तथा आज़ादी के आंदोलन में उनके अहम योगदान का सशक्त चित्रण सामने आया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ. चेतना सिंह एवं डॉ. पूर्णिमा शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ, डॉ. संजली गुप्ता, दयाशंकर तिवारी, अंबिकेश नामदेव, डॉ. सौरभ शिवा, डॉ. मुनीश नेगी सहित विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जनजातीय विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था।

### वन्दे मातरम स्मरणोत्सव का किया गया आयोजन



**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत कार्यालय जयसिंहनगर में राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मालती सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती षिवानी जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती रक्षा सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

**शिक्षा व्यवस्था के भविष्य पर संकट के बादल, एसआईआर कार्य में उलझा शिक्षा तंत्र**

# चुनावी कार्य में झोंके गए शिक्षक, स्कूलों में पढ़ाई ठप्प

शहडोल

जिले में एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था सवालों के कटघरे में खड़ी है। ब्यौहारी विकासखंड के 17 हायर सेकेंडरी और 17 हाई स्कूलों में करीब 150 शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन ज्यादातर शिक्षक विद्यालयों में न होकर एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन)/मतदाता सत्यापन कार्य में लगा दिए गए हैं। परिणाम कक्षा 1 से 12 वीं तक पढने वाले हजारों बच्चों का शैक्षणिक सत्र लडख़ड़ा गया है। सबसे गंभीर स्थिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर की है। यहां 19 शिक्षकों पर 1038 छात्र-छात्राओं की जिम्मेदारी है, लेकिन इन 19 में से 8 शिक्षकों को बीएलओ और 2 को सुपरवाइजर बना दिया गया है। इस तरह अब सिर्फ 9 शिक्षक पूरे विद्यालय के विद्यार्थियों की पढ़ाई संभाल रहे हैं। निचली कक्षाओं से लेकर बोर्ड परीक्षाओं तक की तैयारी सिर्फ इन गिने-चुने शिक्षकों पर टिकी है।




### शिक्षक फील्ड में पढ़ाई का क्या?

चार महीने बाद वार्षिक परीक्षाएं शुरू होंगी, लेकिन शिक्षा विभाग का लगभग संपूर्ण स्टाफ चुनावी कार्य में झोंक दिया गया है। नये स्कूलों में चपरासी तक नहीं हैं और जहां हैं भी, वे छुट्टी, अटैचमेंट या अन्य कार्यों में लगे हुए हैं। शिक्षकों का विद्यालय में उपस्थित होना ही मुश्किल है, पढ़ाई करवाना तो दूर की बात है। जिलेभर के विद्यालयों की यही स्थिति है। शिक्षक घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन, मैपिंग और अन्य एसआईआर दायित्वों में व्यस्त हैं, जबकि बच्चों की पढ़ाई अधर में लटकी है।

### कलेक्टर के पत्र में शिक्षा का जिक्र नहीं

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर मैपिंग का काम किया जाना है। इसके लिए बीएलओ और सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जिन्हें निर्धारित अवधि में अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करना है। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि जिन कर्मचारियों को बीएलओ/सुपरवाइजर का कार्य सौंपा गया है, उन्हें उस अवधि में अन्य सभी कार्यालयीन कार्यों से मुक्त रखा जाए। यानी शिक्षक विद्यालय जाकर पढ़ाई नहीं करा पाएंगे, यह स्थिति शासन के आदेश से ही तय कर दी गई है, लेकिन दुखद यह है कि इस व्यवस्था से शिक्षा पर होने वाले विनाशकारी प्रभाव को लेकर जिले के किसी स्तर पर आवाज नहीं उठाई जा रही है।

### अगर परिणाम गिरे तो जिम्मेदार कौन?

पिछले वर्षों में जिले के शैक्षणिक परिणाम लगातार चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में इस वर्ष आधे से ज्यादा शिक्षकों को चुनावी कार्य में लगा देना शिक्षा की रीढ़ तोड़ देने जैसा है। विद्यालयों में पढ़ाई ठप है, अब बड़ा सवाल यह है कि अगर इस साल जिले का परीक्षा परिणाम गिरता है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या इसके लिए भी कोई जवाबदेही तय की जाएगी? क्या जिले के मुखिया इस दिशा में भी उतनी ही तत्परता दिखाएंगे, जितनी निर्वाचन कार्य में दिखाई जा रही है? जिले के शिक्षकों, अभिभावकों और स्वयं विद्यालयी छात्रों में इस बात की चर्चा तेज है कि बच्चों का भविष्य चुनावी कार्यों के बोझ तले दबता जा रहा है। अगर स्थिति ऐसी ही रही तो न केवल इस वर्ष परिणाम गिरेंगे, बल्कि आने वाले वर्षों में भी शिक्षा प्रणाली की कमजोरी गहराती जाएगी।

### विभाग की चुप्पी पर सवाल

चुनावी कार्य महत्वपूर्ण है, परंतु शिक्षा उससे कम महत्वपूर्ण नहीं। यह पहली बार नहीं है जब शिक्षक मतदान कार्य में लगाए गए हों, लेकिन इस बार हालात बेहद गंभीर हैं। रिकॉर्ड संख्या में शिक्षकों को बीएलओ बना दिया गया है, जिससे कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक नगण्य बचे हैं। फिर भी जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा स्थिति की समीक्षा, वैकल्पिक व्यवस्था या अतिरिक्त सहायता के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। न कोई आपत्ति, न कोई विमर्श—जैसे शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि बच्चे और अभिभावक भी स्वयं उठाएं।

### जिले के लिए चेतावनी की घंटी

अगर तत्काल व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले महीनों में विद्यालयों में पढ़ाई लगभग ठप्प स्थिति में पहुंच जाएगी और तब रिजल्ट गिरेगा, बच्चों का सत्र खराब होगा, अभिभावकों का विश्वास टूटेगा, जिले की शिक्षा रैंकिंग नीचे जाएगी। यह सिर्फ एक विद्यालय का मुद्दा नहीं है, यह पूरे जिले की शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत है। जिले के मुखिया को चाहिए कि जैसे उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए सख्त आदेश जारी किए हैं, उसी तरह शिक्षा की गुणवत्ता, सीखने के स्तर और वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल जवाबदेही तय करने, वैकल्पिक व्यवस्था बनाने और शिक्षकों को राहत देने के निर्देश जारी करें।

## शालीन बेगम को मिली पी.एच.डी की उपाधि



**शहडोल।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा शहडोल की प्रतिभाशाली शोधार्थी शालीन बेगम को पी.एच.डी की उपाधि से विभूषित किया गया है। शालीन बेगम ने अपना शोध कार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना के गणित विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आर.एस. पटेल के निर्देशन में पूरा किया। उन्होंने अपना शोध विषय उपयुक्त त्रिभुजीकरण के उपयोग से विनिमय आधारित आर्थिक समस्याओं का निर्धारण पर केंद्रित किया, जिसे विश्वविद्यालय के परीक्षक मंडल द्वारा उत्कृष्ट श्रेणी में स्वीकार किया गया।

वर्तमान में शालीन बेगम कन्या महाविद्यालय, शहडोल के गणित विभाग में जनभागीदारी अतिथि विद्वान के रूप में शैक्षणिक सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और शोध-योग्यता से उन्होंने न केवल महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि जिले की शिक्षा जगत में भी एक नई पहचान स्थापित की है। शालीन बेगम इदवारी मोहल्ला निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहम्मद शाहीद एवं सफीर निशा की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कन्या महाविद्यालय, शहडोल के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-कर्मचारियों, तथा शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, रीवा के अनेक प्राध्यापकों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए शालीन बेगम ने कहा कि यह उपलब्धि उनके गुरुजनों के मार्गदर्शन, परिवार के सहयोग और निरंतर अध्ययन-अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी वे शिक्षा क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करने का संकल्प रखती हैं। जिले की युवा प्रतिभाओं में शालीन बेगम की यह उपलब्धि प्रेरणा का स्रोत बनी है और शिक्षा जगत में इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

### सांसद हिमाद्री सिंह होंगी मुख्य अतिथि



**शहडोल।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर 15 नवम्बर 2025 को कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर, शहडोल में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह होंगी। इस अवसर पर विधायक जयसिंहनगर क्षेत्र की श्रीमती मनीषा सिंह, जैतपुर क्षेत्र के जयसिंह मरावी, ब्यौहारी क्षेत्र के शरद जुगलाल कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जिला योजना समिति सदस्य श्रीमती अमिता चपरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलमती सिंह तथा जनपद अध्यक्ष सोहागपुर श्रीमती हीरावती कोल सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 11 बजे भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण और पूजन, कन्या पूजन से आरंभ होगा। इसके बाद जनजातीय संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुतियां, पीएम जनमन एवं धरती आबा योजनान्तर्गत निर्मित बहुउद्देश्यीय भवन (एमपीसी) और आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण, स्कूल और छात्रावास भवनों का भूमि पूजन किया जाएगा। साथ ही, मेधावी छात्र-छात्राओं और आदि कर्मयोगी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक सेवकों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय स्तर का उद्बोधन और जबलपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का राज्य स्तरीय उद्बोधन शामिल होगा।

प्रेस कांफ्रेंस में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई हैं, जिनमें चित्रकला, निबंध, भाषण, क्विज, लोकगीत, लोक नृत्य, शिल्पकला, रंगोली और मेंहदी शामिल हैं। 12 से 14 नवम्बर तक जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जनजातीय गौरव यात्रा और प्रचार रथ निकाले गए, जिनका विभिन्न ग्रामों में कलश और लोकनृत्य के साथ स्वागत किया गया।

कलेक्टर ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज के नायकों के त्याग और बलिदान को जन-जन तक पहुंचाना और उनके योगदान के महत्व को उजागर करना है। जिले में आयोजित यह कार्यक्रम जनजातीय गौरव और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सजीव संदेशों के माध्यम से राष्ट्रीय और राज्य स्तर की उपलब्धियों का प्रसारण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे स्थानीय जनता को भी कार्यक्रम का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा।

# सीवरेज परियोजना को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें: आयुक्त

### मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के कार्यों की संभाग स्तरीय समीक्षा, कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी

**शहडोल।** संभाग आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेन्ट कंपनी लिमिटेड द्वारा संभाग के नगरीय निकायों में संचालित निर्माण एवं अधोसंरचना परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्यों को समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र और स्थायी लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि देरी और लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में संयुक्त आयुक्त मगन सिंह कनेश, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, कंपनी के वरिष्ठ इंजीनियर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल तथा विभिन्न नगर निकायों के तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहडोल सीवरेज प्रोजेक्ट पर सख्त रुख

बैठक में विशेष रूप से शहडोल नगर पालिका के सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा हुई। आयुक्त ने बताया कि शासन द्वारा इस परियोजना को पूरा करने की अंतिम समय-सीमा मार्च 2026 तय की गई है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य पूरा करने के लिए मशीनों और मानव संसाधन की संख्या बढ़ाई जाए। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग टीम तैनात की जाए। खुदाई और पाइपलाइन बिछाने के कारण जहां भी अधोसंरचना प्रभावित हो, रेस्टोरेशन का कार्य तुरंत और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि रेस्टोरेशन में लापरवाही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि खराब मरम्मत से शिकायतें बढ़ती हैं और जनता को अत्यधिक असुविधा होती है। कंपनी के इंजीनियर विजय सिंह ने अवगत कराया कि सीवरेज प्रोजेक्ट की कुल लागत 172 करोड़ 61 लाख है। कार्य मूलतः दिसम्बर 2023 तक पूरा होना था, परंतु शासन द्वारा एक्सटेंशन प्रदान किया गया है। अब इसे मार्च 2026 तक 100 प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य है। वर्तमान में 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।




### परियोजनाओं की समीक्षा हुई

आयुक्त ने शहडोल ही नहीं, बल्कि संभाग के अन्य नगर निकायों में जारी परियोजनाओं की स्थिति भी जानी। जैतहरी नगर पंचायत की जल प्रदाय योजना पूर्ण हो चुकी है। पसान नगर पालिका की जल प्रदाय योजना का 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, शेष तीन माह में पूर्ण होने की संभावना। खांड़ नगर पालिका (शहडोल) का जल प्रदाय कार्य पूरा कर लिया गया है। चंदिया नगर (उमरिया) की जल प्रदाय योजना पूर्ण हो चुकी है। अमरकंटक में सीवरेज लाइन का सम्पूर्ण कार्य पूरा हो गया है। इसके अतिरिक्त, अमरकंटक और चंदिया में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के अधोसंरचना कार्यों को भी पूर्ण बताया गया। चंदिया में बस स्टैण्ड विकास कार्य एप्रोच रोड, प्लेटफॉर्म निर्माण और बाउंड्रीवाल को स्वीकृति मिल चुकी है। यह कार्य जल्द शुरू होगा।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं

आयुक्त सुरभि गुप्ता ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परियोजना के लिए स्पष्ट कार्यवार योजना बनाई जाए और नगर निकायों के साथ समन्वय को मजबूत किया जाए। उन्होंने चेताया कि जनता को प्रतिदिन निर्माण कार्यों के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए एजेंसी को जिम्मेदारी के साथ काम करते हुए समयबद्धता का सख्ती से पालन करना होगा। आयुक्त ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य शहरों में जल प्रदाय, सीवरेज और अधोसंरचना की दशा सुधारना है। इसलिए किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया कि गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण कर जनता को राहत दी जाए।

### ब्यौहारी के मोहित शुक्ला बने मुख्य नगर पालिका अधिकारी



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी नगर के युवा प्रतिभा मोहित शुक्ला ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) 2023 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। यह उपलब्धि उनके कठिन संघर्ष, अनुशासन और अटूट संकल्प की मजबूत मिसाल है। मोहित शुक्ला की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यौहारी से हुई, जहाँ वे सदैव एक मेधावी और अनुशासित विद्यार्थी के रूप में पहचाने जाते थे। 12वीं कक्षा में टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का स्पष्ट संकेत दे दिया था। इसके बाद उन्होंने मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक किया। उनकी दक्षता के आधार पर उनका चयन वेदांता लिमिटेड में सहायक अभियंता के पद पर हुआ, परन्तु मन में सरकारी सेवा में प्रवेश का जुनून उन्हें तकनीकी नौकरी छोडऩे के लिए प्रेरित करता रहा। शहडोल जिले में पटवारी के पद पर कार्यरत रहते हुए भी उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी। लगातार तीन बार एमपीपीएससी मैन्स पास कर साक्षात्कार तक पहुँचना उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम का प्रमाण है। अंततः 2023 में उन्होंने वांछित पद प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि संघर्ष और संकल्प की राह पर चलने वाला कभी असफल नहीं होता। आज मोहित शुक्ला न केवल अपने माता-पिता नर्मदा प्रसाद शुक्ल और श्रीमती मनोरमा शुक्ल का मान बढ़ा रहे हैं, बल्कि ब्यौहारी नगर और शहडोल जिले की प्रतिष्ठा में भी वृद्धि कर रहे हैं। वे भारतीय जनता पार्टी ब्यौहारी मंडल के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण गोपाल शुक्ल एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. अर्जुन शुक्ल के छोटे भाई हैं। मोहित की सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है, यह संदेश देती है कि लगन, धैर्य और कठिन परिश्रम ही सफलता का असली मार्ग हैं।

**भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती**

# कलेक्टर ने जनजातीय जननायकों की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

शहडोल।

**भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में जनजातीय इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों के योगदान को याद करने की श्रृंखला के अंतर्गत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने ग्राम कोटमा स्थित पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में जनजातीय जननायकों एवं स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने फीता काटकर प्रदर्शनी को आमजन एवं विद्यार्थियों के लिए खोला।**



प्रदर्शनी में बिरसा मुंडा, भीमा नायक, रघुनाथ शाह, शंकर शाह सहित कई जनजातीय महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान को विस्तारपूर्वक दर्शाया गया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य नई पीढ़ी को उन महान सेनानायकों के बारे में जागरूक करना है, जिन्होंने दमन, अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध उठ खड़े होकर समाज में स्वाभिमान और स्वतंत्रता की ज्योति जलायी।

विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास के वह अमर नायक हैं जिन्होंने आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की जमींदारी व्यवस्था, जबरन धर्मांतरण और आदिवासी अस्मिता पर किए जा रहे अत्याचारों के विरुद्ध उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया। कलेक्टर ने कहा कि बिरसा मुंडा का संघर्ष आज भी युवा पीढ़ी को साहस, त्याग और अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

प्रदर्शनी में यह भी प्रदर्शित किया गया कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में जन्मे बिरसा मुंडा ने अल्प आयु में ही अंग्रेजी शासन को चुनौती दी और जनजातीय समाज में एक नए चेतना आंदोलन का सूत्रपात किया। उनकी जयंती को देशभर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, प्राचार्य संजय पांडेय, विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोडऩे का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

**कार्यालय, नगर परिषद् बरगवाँ (अमलाई), जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**

पता :- वार्ड क्र03, गांधी नगर, बरगवाँ (अमलाई) पिन कोड : 484117, 207652-288214

WEB: http://bargawan.nagarparishad.org/, E-Mail- cmobargawan@mpurban.gov.in

क्र.1321/न.परि./2025-26. चरगवाँ, दिनांक - 11/11/25

**दावा/आपत्ति सूचना**

म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमाक - एफ. / एफ.यू.डी.एच. /9/0009/2025/18-2 भोपाल दिनांक 17.03.2025 एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. शासन भोपाल के पत्र क्रमांक- या.प्र. /07/2025 / 3180 भोपाल दिनांक 18.3.2025 द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी.घटक) के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्रो की जाँचकर पोर्टल मे स्वीकृत / अस्वीकृत करने के साथ-साथ, पात्र / अपात्र की सूची तैयार करने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)) अनूपपुर, जिला अनूपपुर के आदेश क्रमाक - क्यू दिनांक 27/10/2025 द्वारा डियूटी लगाई गई थी। सभी कार्मचारी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं दस्तावेजो अनुसार वार्डो मे जाकर स्थल निरीक्षण / परीक्षण पश्चात पात्र / पात्र भूमिहीन / अपात्र हितग्राहीयो की तृतीय सूची तैयार की गई है जिसका प्रकाशन आज दिनांक 11/11/2025 को कार्यालय के सूचना पटल पर किया जाता है। प्रकाशित सूची मे अगर किसी भी हितग्राही को दावा / आपत्ति हो तो दस्तावेजो सबूतो के साथ दिनांक 21/11/2025 को समय 5 :00 बजे तक लिखित रूप से निकाय में प्रस्तुत कर सकते है बाद म्यादि किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति मान्य नही होगी।

संलग्न-

1. पात्र 34 की सूची ।

2पात्र भूमिहीन 168 की सूची ।

3 अपात्र हितग्राहीयो 109 की सूची।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरगवाँ (अमलाई)
जिला - अनुपपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम गोदाम का किया निरीक्षण




**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिशंकर झारिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सहायक आपूर्ति अधिकारी ने मिष्ठान दुकानों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** सहायक आपूर्ति अधिकारी रोहित सिंह ने गत दिवस बिरसिंहपुर पाली स्थित मिष्ठान दुकानों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पटेल स्वीट्स एवं रसिया मिष्ठान भंडार वार्ड क्रमांक 12 में घरेलू सिलेंडर का उपयोग होना पाया गया । जिस पर मध्यप्रदेश द्रवीकृत पेट्रोलियम आदेश के प्रावधानो का उल्लंघन पाए जाने पर तीन नग घरेलू गैस सिलेंडर को जप्त कर प्रकरण तैयार किया गया एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जागृति प्रजापति उपस्थित रही।

### जन जातीय गौरव रथ यात्रा का किया गया स्वागत



**उमरिया।** जन जातीय गौरव रथ यात्रा का ग्राम पंचायत भौतरा में नवांकुर संस्था मां वैभव लक्ष्मी सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 05 चौरी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम, जन अभियान परिषद् नवांकुर प्रतिनिधि,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य पंचायत के सचिव, सरपंच, पेसा मोबाइलाइजर, पीसीओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम के जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, स्कूल के शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जनजातीय गौरव दिवस समारोह बिरसा मुंडा खेल परिसर डगडौआ में आज

**उमरिया।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जन जातीय गौरव दिवस समारोह 15 नंवबर को बिरसा मुंडा खेल परिसर डगडौआ मे जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद संसदीय क्षेत्र शहडोल ज्ञान सिंह करेंगे । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, जनपद अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह,जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह उपस्थित रहेंगे।

### बीएलओ को विभागीय कार्य से मुक्त रखने के दिए गए निर्देश

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल व्दारा गहन निर्वाचन नामावली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य किया जा रहा है। जिसके परिपेक्ष्य मे 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ व्दारा अपने मतदान केंद्र क्षेत्रांतर्गत मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण, वापसी का कार्य संपन्न कराया जाना है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पाली से कहा है कि आपके विभाग से नियुक्त बीएलओ कर्मचारियों को उक्त अवधि में विभागीय कार्यो से मुक्त रखे जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए।

---

### ग्रामीणों ने लगाया झगरू साहू पर जमीन हड़पने का आरोप

# टिकुरी में भूमि घोटाले के आरोपों से बवाल






### कलेक्टर-एसपी से की कड़ी कार्यवाही की मांग

**शहडोल।** जिले की जैतपुर तहसील अंतर्गत ग्राम टिकुरी में भूमि विवाद ने तूल पकड़ लिया है। ग्रामीणों ने एक आवेदन देकर पूर्व लैम्पस प्रबंधक झगरू साहू (मुनीलाल साहू) एवं उनके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से कमजोर, गरीब तथा आदिवासी परिवारों की पुस्तैनी जोत-जमीन पर अवैध तरीके से कब्जे और पट्टों का निर्माण कराया गया है, जिससे कई परिवार वर्षों से परेशान हैं।

### फर्जी पट्टे बनवाकर पुश्तैनी जमीन पर कब्जा

ग्रामीणों ने दावा किया है कि झगरू साहू द्वारा अपने परिवार के सदस्यों पत्नी, भाई, भतीजे, बहू और पुत्र के नाम पर वर्ष 2019-2020 के दौरान अवैध तरीके से पट्टे तैयार कराए गए, जबकि शासन के अनुसार 1984-85 के बाद से ऐसे पट्टे बनना प्रतिबंधित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि झगरू साहू की कुल पैतृक भूमि 6-7 एकड़ से अधिक नहीं है, फिर भी उनका परिवार गाँव से लेकर शहर तक बड़ी संपत्तियों का मालिक बन गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासनिक तंत्र में उनकी पकड़ के कारण वे जनबल और धनबल का उपयोग करके गरीबों पर दबाव बनाते हैं। लोगों के अनुसार विरोध करने पर झूठे मामलों में फंसाने का डर दिखाया जाता है।

### चिंता में हुई कई मौत

ग्रामीणों ने आवेदन में कई संवेदनशील मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि भूमि विवाद की चिंता में गांव के कुछ लोगों की मौतें भी हुईं। ग्रामीणों के अनुसार रमई पनिका की पुश्तैनी भूमि में कब्जे के बाद तनाव के कारण उसकी मृत्यु हुई। महादेव गोंड की जमीन को लेकर विवाद के बाद वे भी तनावग्रस्त रहे और उनकी मौत हो गई। एमनू धीमर की जमीन पर कब्जे के आरोप के बाद उसने आत्महत्या कर ली। रामसहाय धीमर के नाम से बीपीएल लाभ उठाने के मामले में भी संदेह जताया गया और बाद में उनकी हत्या का उल्लेख ग्रामीणों ने किया है। ग्रामीणों ने यह स्पष्ट किया कि ये घटनाएं प्रशासन की जांच का विषय हैं और वे इनकी पूर्ण न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं।

### शासकीय भूमि पर कब्जे के आरोप

आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि चारागाह भूमि रकबा 2435, शासन की भूमि 1333 तथा ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित नरदोहिया नाला तालाब के हिस्से पर भी अवैध कब्जे किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के स्थान पर खेती की जा रही है, जिससे गांव की जल संरचना और प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान हो रहा है। पीड़ित परिवारों रामसिया साहू, राजू कहार, मुरलीधर धीमर, दीपचंद धीमर, रवि कहार, कुसुम साहू, बेला कहार सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कहा कि उनकी पुश्तैनी जोत-जमीन को खाली कराने का लगातार दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वे वर्षों से अपने घर-बाड़ी पर निवास कर रहे हैं, लेकिन अब कथित रूप से फर्जी पट्टों के आधार पर उन्हें उजाडऩे का प्रयास किया जा रहा है।



### कलेक्टर-एसपी से कठोर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि अवैध तरीके से जारी सभी पट्टों की जांच की जाए। पुश्तैनी भूमि को पीड़ित परिवारों को लौटाया जाए। आय से अधिक संपत्ति की विस्तृत जांच कराई जाए। दबाव, धमकी और जमीन कब्जे में शामिल सभी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए। ग्राम में लगातार बढ़ रहे तनाव को देखते हुए ग्रामीणों ने आशा जताई कि जिला प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर कठोरतम कार्रवाई करेगा, ताकि कमजोर और गरीब परिवार अपनी भूमि और सम्मान के साथ सुरक्षित जीवन जी सकें।

---

# खेल भावना पर भारी लापरवाही

### खेल मैदान बना गंदगी का अड्डा, खिलाड़ियों का विरोध तेज





**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** जमुना कोतमा क्षेत्र में वॉलीबॉल चयन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, किंतु खेल मैदान की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है पूरे मैदान में शराब की बोतलें, डिस्पोज़ल, गाजर घास और कचरे के ढेर लगे हुए हैं। खिलाड़ियों के अनुसार इस संबंध में सिविल विभाग को कई बार फोन के माध्यम से सूचित किया गया, परंतु विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। खिलाड़ियों एवं प्रतिनिधियों ने इस लापरवाही के विरोध में एस.ओ. सिविल के समक्ष विरोध दर्ज कराया और ए.पी.एम. को भी दूरभाष के माध्यम से स्थिति से अवगत कराया। खिलाड़ियों का कहना है कि ऐसी स्थिति न केवल खेल भावना को ठेस पहुंचा रही है बल्कि पूरे जमुना कोतमा क्षेत्र की साख पर भी कलंक लगा रही है। एच.एम.एस. के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ल ने चेतावनी दी है कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की चोट या हानि होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। उन्होंने महाप्रबंधक से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है।

### शिशु भारती स्कूल में किया गया बाल मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज कोतमा। शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर नगर के शिशु भारती स्कूल बनिया टोला में बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाने के साथ विज्ञान, प्रदर्शनी कला प्रदर्शनी के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए भी आकर्षक झूले लगाए गए थे। मेला में पूरे दिन व्यवस्था एवं आने वाले अभिभावको का सम्मान करने के लिए विद्यालय परिवार के स्टाफ उपस्थित रहें। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चो के परिजन सहित नगर के लोगो ने बाल मेले का जमकर लुत्फ उठाया। स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा झांकियां सजाई गई थी। सभी के द्वारा मनमोहक झाकी को सराहा गया। स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा चाट, फुल्की, इडली, डोसा, ढोकला, ब्रेड सैंडविच सहित चाय का भी स्टाल लगाया गया था। जिसका सभी लोगो ने भरपूर आनंद लिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा आने वाले सभी लोगो का अभार व्यक्त किया गया।

---

# कोतमा पुलिस ने मोबाइल दुकान से चोरी गये 31 नग मोबाइल फोन किये बरामद

### शातिर मोबाइल चोर तथा चोरी का मोबाइल खरीदने वाला एक अन्य गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** 31 अक्टूबर को रात में मुखर्जी चौक, कोतमा स्थित जय माताजी मोबाइल दुकान में छत के टीने को उठाकर कोई अज्ञात चोर मोबाइल दुकान में घुसकर करीब 30 नग नये महंगे मोबाइल फोन चोरी कर ले गया था. जिस घटना पर से फरियादी पंकज गुप्ता निवासी वार्ड नं0 04 कोतमा की रिपोर्ट पर से अज्ञात चोर के विरूध्द थाना कोतमा में धारा 331(4), 305(एं) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। बाजार स्थित मोबाइल दुकान में हुई बड़ी चोरी को जिले के संवेदनशील पुलिस कप्तान मोती उर रहमान द्वारा बहुत गंभीरता से लेते हुए पतासाजी हेतु थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल व कोतमा थाने की टीम को निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक अनूपपुर व एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल ने इस चोरी की पतासाजी व बरामदगी के लिए टीम गठित की तथा स्वयं टीम के साथ मोर्चा संभाला। पुलिस टीम ने घटनास्थल तथा आसपास के करीबन 100 से अधिक सी. सी. टी.वी. कैमरों के फुटेज खंगाले। लगातार मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर जानकारी ली गई तथा साइबर सेल की मदद से तकनीकी विवेचना की गई। साइबर सेल से मिले इनपुट तथा सी.सी. टी. वी. फुटेज की मदद से पुलिस टीम बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.) जाकर आरोपी गुलशन कुमार जयसवाल पिता दिवाकर जयसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बिलटुकरी थाना जैतपुर जिला शहड़ोल हाल निवासी बैकुंठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) को बैकुठपुर (छ.ग.) से गिरफ्तार किया तथा कडाई से पूछतांछ कर उसके कब्जे से चोरी गये 30 नग मोबाइल फोन जो कि ओप्पो, विवो, रियल मी तथा एपल के आई फोन थे कुल कीमती करीबन 5 लाख 50 हजार रूपये का मशरूका बरामद किया है। आरोपी गुलशन जयसवाल ने चोरी का एक मोबाइल अपने साथ होटल में काम करने वाले विजय सिंह राजपूत निवासी ग्राम सिंगपवर थाना नरौजाबाद जिला उमरिया हाल निवासी बैकुंठपुर (छ.ग.) को बेचा था जिससे विजय सिंह राजपूत को पकड़ कर उसके कब्जे से विवो कम्पनी का एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। इस प्रकार चोरी के कुल 31 नग मोबाइल फोनो को सत प्रतिशत बरामद किया गया है। आरोपी गुलशन जयसवाल शातिर अपराधी है जो वर्ष 2022 में थाना जैतपुर के हत्या के एक अपराध में पूर्व में शहड़ोल जेल में रह चुका है। आरोपी ने पूछतांछ पर बताया कि घटना दिनांक से 3 दिन पूर्व वह कोतमा आकर मोबाइल दुकान में रेकी किया था। फिर घटना की रात्रि को ट्रेन से बैकुंठपुर से कोतमा आया तथा मोबाइल दुकान में छत का टीना (चद्दर ) उचकाकर घुसकर 31 नग महंगे मोबाइल फोन चुराकर बाद एक टेम्पू से बिजुरी तक गया तथा बिजुरी से वापस ट्रेन से बैकुठपुर चला गया। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी के अन्य मामलों में भी पूछतांछ की जा रही है। मोबाइल चोरी की उक्त घटना का पर्दाफाश करने तथा बरामदगी कार्यवाही में निरी रत्नाम्बर शुक्ल थाना प्रभारी कोतमा के साथ सउनि सुखीनंद यादव, प्र0आर0 संजीव त्रिपाठी, प्र0आर0 रामखेलावन यादव, आर0 सुनिल मिश्रा, आर0 जितेन्द्र मंडलोई तथा साइबर सेल प्र0आर0 राजेन्द्र अहिरवार तथा आर0 पंकज मिश्रा की मुख्य भूमिका रही है।

---

# जन जातीय गौरव दिवस समारोह आज



### विधायक के मुख्य आतिथ्य में होगा आयोजित



**उमरिया।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती समारोह जन गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत डगडौआ में 15 नवंबर को विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह के मुख्य आतिथ्यि में प्रातः10 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का पूजन,जन जातीय, जनजातीय समुदाय के धार्मिक मुखिया सहित ख्याति प्राप्त जनजातीय कलाकारो का सम्मान,जन जातीय मेधावी विद्यार्थियो एवं खिलाडियो का सम्मान,कर्मयोगी अभियान के हितग्राहियों का सम्मान, सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य स्वास्थ्य जांचे,राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में संपन्न प्रेस कान्फ्रेंस में व्यक्त किए ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि 11 नवंबर से जन जातीय गौरव रथ यात्रा जिला मुख्यालय उमरिया के रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन उमरिया से प्रारंभ की गई थी,जो उमरिया से मानपुर होते हुए विकासखंड पाली का भ्रमण करते हुए 15 नवंबर को नौरोजाबाद तहसील के विभिन्न ग्रामो से गुजरते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल बिरसा मुंडा खेल परिसर डगडौआ पहुंचेगी जहां पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जाएगा। जिला जबलपुर से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कार्यक्रम स्थल ग्राम डगडौआ मे देखा एवं सुना जा सकेगा। इस अवसर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार गण उपस्थित रहे।

### बडारी, बिजौरी, केल्हारी, खिचकिडी ,चौरी, पहुंची जन जातीय गौरवरथ यात्रा

**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह पर प्रारंभ हुई जन जातीय गौरव रथ के माध्यम से बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जा रहा है।जन जातीय गौरव रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को जन जातीय गौरव रथ यात्रा कठार से प्रारंभ हुई, जो बडारी, बिजौरी, केल्हारी, खिचकिडी ,चौरी,भौतरा,बलवई, ओदरी, मोहतराई, घघराड, धौरई, भदरा, पहडिया, अमिलिहा, घुनघुटी, मुदरिया होते हुए पाली पहुंची । इस दौरान ग्रामों में बताया गया कि धरती आबा (धरती के पिता) भगवान बिरसा मुण्डा जी का जन्म 15 नवंबर,1875 को उलिहातू गांव में हुआ था। वे गरीब किसान परिवार से थे और मुंडा जनजाति से संबंधित थे। उन्होंने चाईबासा की स्कूल में पढ़ाई की, जहाँ वे राष्ट्रीय आंदोलन से प्रभावित हुए। उन्होंने ब्रिटिश शासन और जमींदारी व्यवस्था के अत्याचारों के खिलाफ मुंडा विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने बिरसाइत नामक एक नया धर्म की स्थापना की, जो एक ईश्वर में विश्वास करता था और आदिवासी समाज में सुधार पर जोर देता था।उन्होंने शराब, जादू-टोना और तंत्र-मंत्र के खिलाफ अभियान चलाया और आदिवासियों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर और अधिकारों के बारे में जागरूक किया। बिरसा मुंडा को आज भी आदिवासियों द्वारा भगवान के रूप में पूजा जाता है और 15 नवंबर को भारत सरकार द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।



### जिला एवं परिवार कल्याण अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**उमरिया।** जिला एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एस.बी.चौधरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में नियत दिवस सेवा अंतर्गत महिला एवं पुरुष नशबंदी का औचक निरीक्षण किया । निरिक्षण के दौरान हितग्राहियो का केस शीट में मापदंड के अनुसार पंजीयन, चिकित्सा अधिकारी द्वारा चेक लिस्ट का भरना, नर्सिंग स्टॉफ द्वारा शुगर जाँच, बी पी जाँच, गर्भ जाँच की प्रक्रिया का अवलोकन किया साथ ही संबंधितो क़ो राष्ट्रीय परिवार नियोजन की गाइड लाइन के अनुसार केस चयन और ऑपरेशन करने की सलाह दी गई। भ्रमण के दौरान डॉ.पंकज प्रजापति, बीईई शंकर कोले, नर्सिंग ऑफिसर निर्मला सिंह के अलावा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

### बेटियों को कराया पुलिस थाना, महिला थाना, वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिकाओं को पुलिस थाना, महिला थाना और वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण कराया गया, और उन्हें महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर अनीता चौरसिया, केस वर्कर दिव्या तिवारी, रेखा झारिया, काउंसलर शिरीन रजा, मदन मरावी थाना उप प्रभारी थाना कोतवाली एवं अन्य पुलिस कर्मी उपस्थिति रहे।

## खबर संक्षेप

### हितग्राही से रुपयों की मांग करने पर सीईओ ने की कार्रवाई

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बनगवां के ग्राम रोजगार सहायक हेमराज उपाध्याय के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की है। सुश्री कौर ने बनगवां के ग्राम रोजगार सहायक को हटाते हुए जनपद पंचायत बड़वारा में संलग्न किया है एवं नियमानुसार निर्धारित मासिक पारिश्रमिक के 50% पारिश्रमिक भुगतान करने का आदेश किया हैं। हितग्राही बारेलाल यादव से अनधिकृत रूप से राशि की मांग करना ग्राम रोजगार सहायक को भारी पड़ा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा से प्राप्त प्रस्ताव के मुताबिक विरत किए गए ग्राम रोजगार सहायक श्री उपाध्याय द्वारा हितग्राही बारेलाल यादव से आवास निर्माण हेतु 50000 रूपए की मांग की गई। दो पृथक पृथक कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरांत भी श्री उपाध्याय द्वारा उत्तर/प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि श्री उपाध्याय द्वारा हितग्राही बारेलाल यादव से संदीप कॉलोनी स्थित घर बुलाकर 50000 रुपए की राशि ली गई। जिपं सीईओ सुश्री कौर ने विस्तार से जांच करने हेतु जनपद पंचायत बड़वारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया है, जो निर्धारित अवधि में अभिलेख एवं साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

### श्रीरामचंद्र पर केंद्रित गतिविधियां होंगी

**कटनी।** श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा मध्यप्रदेश के कटनी सहित 9 जिलों के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रत्येक वर्ष होने वाले स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव के दौरान श्रीरामचंद्र पर केंद्रित भाषण, रंगोली, चित्रकला, कविता, भजन एवं प्रश्नमंच इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। जिले में होने वाले कार्यक्रमों के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### शीत लहर से बचाव हेतु रैन बसेरा में रात्रि विश्राम की व्यवस्था

**कटनी।** नगर में निरंतर बढ़ रही शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुये निगम प्रशासन द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद एवं गरीब नागरिकों सहित खुले आसमान के नीचे सोने वाले जरूरतमंद नागरिकों से रैन बसेरा (आश्रय स्थल) पहुंचकर रात्रि विश्राम की निःशुल्क व्यवस्था का लाभ उठानें की अपील की गई है। रैन बसेरा प्रभारी ने बताया कि नगर के विभिन्न रेलवे स्टेशन स्टेशन, बस स्टेंड, ट्रांसपोर्ट नगर, कृषि उपज मंडी, मुड़वारा स्टेशन के पास, शासकीय जिला चिकित्सालय के आस पास रोजगार की तलाश मे शहर आये हुए गरीब वर्ग के लोगों व फुटपाथ अथवा सड़कों के किनारे चबूतरों पर रात्रि गुजारा करने वाले लोगों से बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा पहुंचकर निःशुल्क रात्रि विश्राम की सुविधा का लाभ प्राप्त सकते है।

## बाल दिवस, विज्ञान मेला का विद्यासागर हायर सेकंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ आयोजन

# वैज्ञानिक सोच छात्रों में जिज्ञासा पैदा करता है, एसडीओपी

**बुढ़ार। शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान मेला का आयोजन विद्यासागर हायर सेकंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में वैज्ञानिक सोच का विकास पर भौतिक, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों को छात्रों के द्वारा दर्शाया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां वीणा वादिनी सरस्वती, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर नतमस्तक हुये।कार्यक्रम के मुख्यातिथि अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विकास पांडेय, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी का द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से शयंका गुप्ता एवं ओम गुप्ता एवं समस्त बैंड़ पार्टी छात्रों के द्वारा सलामी दी गई।**

बाल दिवस विज्ञान मेला में उमराह एवं कु, सृष्टि जैन के द्वारा ड्राइवरों को हाईवे में वाहन चलाते समय सामने की ओर से आने वाले वाहन चालक के द्वारा डिपर न देने के कारण होने वाले दुघर्टनाओं को रोकने के लिए आटोमेटिक डिपर सिस्टम बनाया।इसी तरह कक्षा 12 वी कामर्स के छात्रों के द्वारा सोलर सिस्टम रुम का निर्माण संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों ने किया।

बाल मेला कार्यक्रम को एसडीओपी विकास पाण्डेय सम्बोधित करते हुए कहा कि विधालय में बच्चों के गुरुजन उनकी भावनाओं के विपरित परिस्थितियों को कभी न दोहराएं बल्कि उनके भैतिक ज्ञान में



असफलता पाने वाले छात्र को अपनी गलतियां को सुधारने का एक अवसर अवश्य दें जिससे छात्र का मनोबल न टूटें। श्री पांडेय ने अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने बच्चों से किये गये वायदे को हमेशा पुरा यदि आप मोबाइल का उपयोग करते हैं तो बच्चों को कभी माना न करें ऐसा करने से उनका मनोबल बढ़ता है, साथ ही विधालय प्रबंधन एक बार छात्रों के साथ मेरे आफिस का दौरा करें जिससे बच्चों को पुलिसिंग कॉल प्रणाली से अवगत हो सकें कि समाज में पुलिस कैसे कार्य करती हैं।नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाल दिवस के अवसर पर एक नये थीम के साथ विज्ञान के अविष्कार को बच्चों ने निर्माण कर अध्ययन की कड़ी में अच्छी शुरुआत की है जिससे छात्र एवं छात्राओं की प्रतिभा का विस्तार निश्चित रूप से होगा। साथ ही वैज्ञानिक सोच का विकास करने छात्रों में जिज्ञासा पैदा करेंगी जिससे उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।विधालय के डायरेक्टर सुधेश जैन ने व्यावहारिक शिक्षा छात्रों के सिद्धांत पर संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्यावहारिक रूप से लागू करने और प्रयोग का अवसर छात्रों को मिलता है जिससे उनकी सोचने समझने की चिंता गहरी होती है, साथ ही प्रतियोगिता की भावना एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और इंजीनियरिंग में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करता है और उन्हें एक दूसरे से काम सीखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में बचपन प्ले स्कूल की प्रिंसिपल जागृति सिंह सोलंकी, श्रीमती दीपिका जैन, प्रियंका जैन,समाज सेवी, दिनेश गुप्ता,अमित सिंह,दौलत मनवानी, दिलीप जैन, अरुण जैन,जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन पतकार आशीष नामदेव,डा, शेखर जैन, बचपन प्ले स्कूल डायरेक्टर स्जेनेश जैन, गंगा राम मिश्रा,नितीन जैन,गौरब, महेंद्र जैन सहित भारी संख्या में विधालय परिवार उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन मल्लिका मौर्य, स्वागत श्रीमती रचना सराफ नेहा तिवारी,निधि गुप्ता एवं बाल संसद संघ के सभी पदाधिकारी एवं छात्र गण अपना सहयोग प्रदान किया।आभार विधालय के डायरेक्टर सुधेश जैन ने सभी अतिथियों के प्रति व्यक्त किया।

# जनजातीय गौरव यात्राः बटुरा व बिछिया में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भव्य आयोजन



**अमलाई। भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजातीय गौरव यात्रा का भव्य स्वागत गुरुवार को बटुरा और बिछिया में किया गया। मण्डल बकहो की ओर से आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, जनजातीय समाज, कार्यकर्ताओं व बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। वातावरण में जनजातीय संस्कृति, परंपरा और श्रद्धा की अनूठी छटा दिखाई दी। नन्हीं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक जनजातीय नृत्य ने सभी का मन मोह लिया और मंच पर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर छाप छोड़ी।

### कार्यक्रम में मौजूद रहे गणमान्य अतिथि

कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जनजातीय गौरव यात्रा जैतपुर के प्रभारी और लोकप्रिय विधायक श्री जय सिंह मरावी पहुंचे। इनके साथ नगर परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष शालिनी सरावगी, नगर परिषद बकहो के उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र जैन, रविकांत चौरसिया, मनमोहन चौधरी, ललन सिंह, प्रदीप शर्मा, जनजातीय गौरव यात्रा के सह प्रभारी ओमी सिंह, उत्कृष्ट शिक्षिका सम्मानित लक्ष्मी धुर्वे सहित मण्डल बकहो के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

इसके अलावा विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप निगम, मण्डल संयोजक संजय मिश्रा, प्राचार्य महेन्द्र सिंह तथा बड़ी संख्या में शिक्षकगण और मातृ शक्ति की सहभागिता महत्वपूर्ण रही।

### वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के आदर्शों को बताया प्रेरणा स्रोत

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और जनजातीय समाज के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उनकी जयंती पर आयोजित यह गौरव यात्रा समाज को एकता, जागरूकता और आत्मसम्मान का संदेश देती है।

मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे ने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति और संघर्ष की विरासत भावी पीढ़ियों को सौंपना हम सभी का कर्तव्य है। मण्डल महामंत्री जसविंद कुमार सिंह ने कहा कि जनजातीय गौरव यात्रा समाज के उत्थान और जागरण का एक ऐतिहासिक अध्याय है।

### स्थानीय जनता और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

बटुरा और बिछिया में जनजातीय समाज और ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया। बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया। जनजातीय समाज ने कहा कि यह यात्रा उनके गौरव, संघर्ष और पहचान का उत्सव है।

# चोरी के 30 लाख के आभूषण बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में 10 नवम्बर को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। फरियादी सिद्धगणेश शुक्ला निवासी वार्ड 3/4, राम जानकी मंदिर के पास ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात चोरों ने रात के समय उनके घर के नवनिर्मित कमरे में रखी अलमारी को तोडक़र नकद राशि और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी की कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई जा रही है। सोहागपुर पुलिस ने तुरंत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। सतत प्रयास और सक्रियता के परिणामस्वरूप पुलिस ने तीन आरोपियों हर्षित द्विवेदी पिता राकेश द्विवेदी उम्र 27 वर्ष, हरेकृष्ण द्विवेदी पिता राकेश द्विवेदी, उम्र 29 वर्ष एवं वीरेन्द्र वर्मा उर्फ मंकू, पिता उमन प्रसाद वर्मा उम्र 22 वर्ष सभी निवासी राम जानकी मंदिर के पास, सोहागपुर की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से लगभग 30 लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए गए। इस कार्रवाई को थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेन्द्र मणी पाण्डेय के निर्देशन में किया गया। पुलिस टीम में निरीक्षक आनंद झारिया, सब इंस्पेक्टर रजोल नागर, हेड कांस्टेबल बनारस, कांस्टेबल संतोष कोल, मुकेश पटेल, शैलेन्द्र कोल, राजकुमार जायसवाल, रामप्रकाश सिंह, मनोज शुक्ला, संतोष सिंह परिहार, राजवेन्द्र सिंह परिहार, शानू पाण्डेय, लवकुश शुक्ला, त्रिलोक सिंह, गंभीर सिंह और सत्यप्रकाश मिश्रा शामिल रहे। सोहागपुर पुलिस की इस कार्यवाही को कम समय में प्रकरण को सुलझाने और टीमवर्क में उत्कृष्टता का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस ने जनता के लिए स्पष्ट संदेश दिया है कि चोरी जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को अचूक कार्रवाई के माध्यम से न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

# न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत आयोजित की गई बाइक रैली



**शहडोल।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत बाल दिवस के अवसर पर द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के. पी.सिंह की उपस्थिति में जिला न्यायालय परिसर से बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली को द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के.पी.सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाईक रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, गांधी चौक, बुढ़ार चौक, नया बस स्टैण्ड, बाण गंगा तिराहा से होते हुए वापस जिला न्यायालय शहडोल में आकर समाप्त हुई। बाइक रैली का उद्देश्य जन सामान्य तक व्यापक रूप से विधिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना एवं नालसा एवं सालसा की लाभकारी योजनाओं का जन-जन तक व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरूकता उत्पन्न करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ राकेश सिंह बघेल, सचिव अनिल कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट राजेन्द्र सिंह सिंगार, वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश रूपेन्द्र सिंह मंडावी एवं सीताशरण यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहें।

# ब्लैक स्पॉट पर पुलिस-एमपीआरडीसी ने किया संयुक्त निरीक्षण

**शहडोल। शहडोल-रीवा रोड पर बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने एमपीआरडीसी के एजीएम विष्णु वास्कले एवं उनकी टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजाबाग चौराहा, मेडिकल चौराहा, निपानिया, दीया-पिपर और सेमरा तिराहा जैसे प्रमुख ब्लैक स्पॉट का दौरा किया गया और दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्णय लिया गया कि इन स्थानों पर सोलर ब्लिंकर, चेतावनी बोर्ड, साइड शोल्डर भराव, सर्विस रोड पर सावधानी सूचक बोर्ड एवं झाड़ी कटिंग जैसे तात्कालिक सुधारात्मक उपाय किए जाएंगे। जहां संकेतक बोर्ड क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें पुनः पेंट या मरम्मत कराया जाएगा।**



चूंकि शहडोल-ब्यौहारी मार्ग का निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है, इसलिए एमपीआरडीसी फिलहाल दीर्घकालिक सुधारों के बजाय शॉर्ट टर्म सुधार कार्य पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शहडोल पुलिस ने आमजन से अपील की है कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर विशेष सतर्कता बरतें और यातायात नियमों का पालन कर सडक़ सुरक्षा में सहयोग प्रदान करें। यह संयुक्त निरीक्षण सडक़ सुरक्षा को लेकर पुलिस और एमपीआरडीसी की सक्रियता और तत्परता का प्रमाण है।

# बांधवगढ़ में हेलीकॉप्टर सेवा की उड़ान



### पर्यटन, रोजगार और रोमांच— सबको मिलेगी नई रफ्तार

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के निकट गुरुवाही हेलीपैड से आज से एक नई और बहुप्रतीक्षित हवाई सुविधा की शुरुआत हो गई है। जेट सर्व एविएशन प्रालि की फ्लाई ओला कंपनी ने यहां हेलीकॉप्टर सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया, जिसे स्थानीय विधायक सुश्री मीना सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया।

उन्होंने खुद जॉय सफारी का आनंद लेकर इस ऐतिहासिक पहल को और भी खास बना दिया। यह पहली बार है जब बांधवगढ़ जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर हेलीकॉप्टर सेवा नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

फ्लाई ओला की ओर से शुरू की गई इस सेवा के तहत पर्यटक अब बांधवगढ़ की सुंदर वादियों, घने जंगलों और पहाड़ों का रोमांचक एरियल व्यू हेलीकॉप्टर से ले सकेंगे। जॉय राइडिंग की इस नई सुविधा से बांधवगढ़ पर्यटन का आकर्षण कई गुना बढ़ जाएगा। तेजी से बढ़ते टाइगर सफारी पर्यटन के बीच यह सेवा उन पर्यटकों के लिए वरदान साबित होगी जो कम समय में अधिक अनुभव लेने की इच्छा रखते हैं।

कंपनी ने न केवल बांधवगढ़ में जॉय राइडिंग शुरू की है, बल्कि क्षेत्र को प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों से जोड़ते हुए कान्हा, जबलपुर, मैहर, अमरकंटक और चित्रकूट के लिए भी हवाई सेवा उपलब्ध कराई है। इससे मध्यप्रदेश के इन महत्वपूर्ण गंतव्यों तक पहुंच बेहद आसान हो जाएगी। पहले जहां पर्यटकों को सडक़ मार्ग से कई घंटों का सफर तय करना पड़ता था, वहीं अब कुछ ही मिनटों में यात्रा पूरी की जा सकेगी। यह सुविधा न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि पर्यटकों को सुरक्षित, आरामदायक और यादगार अनुभव भी प्रदान करेगी।



स्थानीय स्तर पर इस सेवा का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव भी दिखाई देगा। हेलीकॉप्टर सेवा के जरिए पर्यटन में वृद्धि होगी, जिससे होटल, गाइड, परिवहन, स्थानीय बाजार और हस्तशिल्प कारोबारों को मजबूती मिलेगी। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और बांधवगढ़ जैसे छोटे नगर का आर्थिक ग्राफ तेजी से ऊपर उठेगा।

विधायक मीना सिंह ने भी इस पहल को पर्यटन विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे बांधवगढ़ की पहचान दुनिया भर में और मजबूत होगी। कुल मिलाकर, फ्लाई ओला की हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत बांधवगढ़ के लिए न केवल एक नई उड़ान है, बल्कि पर्यटन, रोजगार, विकास और रोमांच का मिलाजुला संगम भी है। आने वाले दिनों में यह सेवा निश्चित रूप से बांधवगढ़ को पर्यटन मानचित्र पर और अधिक चमकदार बनाएगी।

# 10 दिनों से ताण्डव कर रहा हाथी, प्रभावितों को दोहरी मार

## पहले हुये नुकसान का अब तक नहीं मिला उचित मुआवजा, इधर फिर आ धमका हाथी

### 10 दिनों मे 15 से ज्यादा किसानों की फसलों को कर चुका नुकसान

### ग्रामीण परेशान, कर्तव्यों के इतिश्री तक सीमित वन विभाग





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 10 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा पारकर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में आए एक नर हाथी निरंतर दिन के समय चोलना एवं धनगवां के जंगल में ठहरने बाद शाम एवं रात होते ही जंगल से लगे ग्रामीणों के खेतों में लगे एवं काट कर रखें गये धान की फसलों को खाते हुए देर रात अचानक ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ कर रहा है, वही वन विभाग दायित्वों के निर्वहन मे ही व्यस्त है। हाथी के द्वारा किए जा रहे निरंतर नुकसान से ग्रामीण परेशान एवं भयभीत है। विदित है कि 5 नवंबर की रात एक दांत वाला नर हाथी एक बार फिर दो माह बाद छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत चोलना में प्रवेश कर दिन के समय चोलना एवं धनगवां बीट के घनघोर जंगल में दिन के समय विश्राम करने बाद शाम होते ही आहार की तलाश में जंगल से निकल कर जंगल से लगे ग्राम पंचायत पड़रिया एवं कुकुरगोंडा के मंटोलियाटोला, सारिस्ताल, सरईहा, चोई गांव के भलुवानघर टोला के साथ गांव के विभिन्न टोला, मोहल्ला में पहुंचकर किसानों के खेतों में लगी एवं काट कर रखी गई धान की फसल को अपना आहार बना रहा है हाथी के द्वारा 10 दिनों के मध्य 15 से ज्यादा किसानों की फसलों का नुकसान किया जिसमें कुकुरगोड़ा पंचायत के मंटोलिया टोला, सारिस्ताल, सरईहा टोला में महालाल सिंह पिता हीरा सिंह, जगत सिंह पिता छोटेलाल सिंह, महगू पिता हीरालाल सिंह, रमेश सिंह, अंबिका सिंह, पटेल पिता छोटे सिंह, मग्घू पिता धन सिंह, अमर सिंह, अमोल सिंह ग्राम चोई के भलुवानघर टोला एवं अन्य टोला मोहल्ला के छग्गू पिता भागीरथी सिंह, चला बाई पति अर्जुन सिंह, सीताराम राठौर, सुशील राठौर, पूरन राठौर, छग्गू सिंह, प्रेमसाय राठौर, डेमन सिंह, मेघनंद पिता रामा, अमृतिया पति कुंदन, बाबूलाल पिता भोला, मग्गू पिता धन सिंह एवं अन्य की फसलों को खाने के साथ चोई के भलुवानघर टोला निवासी छग्गू पिता भागीरथी सिंह के खेत में लगे बोर बेल मशीन एवं पाइपों को निरंतर दो बार तोड़फोड़ कर नष्ट किया तथा कुकुरगोड़ा के मंटोलियाटोला निवासी बालकराम कोल का घर में दो बार तोड़फोड़ किया छग्गू सिंह के घर में दो स्थानों पर दीवाल थोड़ा गुरुवार की रात चोई के भलुवानघर टोला में बुद्धू पिता मैकू अगरिया एवं संतोष पिता सीताशरण कोल के घर को अचानक पहुंचकर तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे सामग्री को खाकर नुकसान किया है। गुरुवार की साम यह हाथी छग्गू सिंह के खेत में काट कर रखी गई एवं खेत में लगी धान की फसल को लगभग 4 घंटे तक खाते हुए रात में जंगल चला गया जिसके बाद ग्रामीण एवं वनविभाग का गश्तीदल भलुवानघर टोला में बुद्धू अगरिया के घर के पास निगरानी करते रहे तभी अचानक यह हाथी चुपचाप जंगल से दूसरी दिशा से निकल कर बुद्धू अगरिया के घर पहुंच कर अचानक तोड़फोड़ करने लगा जिसकी आहट मिलने पर सभी अपनी जान बचाकर इधर-उधर भाग गए, ग्रामीणों द्वारा हाथी के निरंतर विचरण करते हुए फसलो एवं घरों का नुकसान किए जाने से परेशान एवं भयभीत हैं जो रात-रात भर परिवार सहित जाग कर रात बिताने को मजबूर हो रहे हैं वही ग्रामीणों में पहले भी आए हाथियों द्वारा किए गए फसल एवं घरों के नुकसान का उचित मुआवजा राजस्व विभाग से नहीं मिलने से नाराज है जिसका खामियाजा हाथी गस्ती दल मे लगे वनविभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ता है। हाथी के टोला, मोहल्ला में घुसने से रोकने के लिए ग्रामीण वनविभाग की टीम के साथ रात भर निगरानी कर रही है लेकिन यह हाथी रात भर विचरण कर अपना पेट भर कर सुबह होने पर वापस पास के ही जंगल में जाकर ठहर जाता है। गुरुवार की देर रात अनूपपुर के प्रभारी एसडीओ वन लाल सुधाकर सिंह ने वनविभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ हाथी विचरण क्षेत्र का भमण कर ग्रामीणों से बातचीत कर ग्रामीणों को हाथी से दूर रहने एवं नुकसानी का शीघ्र ही मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

### 2 दर्जन से ज्यादा लोगों पर की कार्यवाही

# बिजली विभाग की छापेमारी में बिजली चोरों की खुल गई पोल



**हरिभूमि न्यूज कोतमा। लगातार बिजली चोरी की शिकायतों के बाद विद्युत विभाग की उड़नदस्ता एवं स्थानीय अधिकारी, कर्मचारियों की टीम ने 2 दर्जन से ज्यादा लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा एवं कार्यवाही की है। गुरुवार को टीम ने वार्ड 14, 15 लहसुंई गांव एवं बाजार में गुप्त छापामार कार्यवाही करते हुए 30 घरों एवं दुकानों में बिजली चोरी पर कार्यवाही की गई है।**

सहायक अभियंता राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बावजूद लगातार बीच से तार जोड़ते बायपास बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। स्टैंडिंग बैठक में अवगत कराते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार जिले के पांच उच्च अधिकारी एवं विभाग की विशेष टीम बनाकर अलग अलग दबिश दी गई। पूरे दिन चली छापामारी के दौरान 30 घरों में बिजली चोरी मौके पर पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही जारी है। विद्युत मंडल के कनिष्ठ अभियंता लालमणि प्रजापति ने बताया कि उड़न दस्ता कार्यवाही के दौरान लहसुई गांव निवासी इस्ताक अहमद, मुस्तफा अहमद, मोहम्मद महफूज, मोहम्मद वारिस, मोहम्मद मोहित, तौसीफ अहमद, मोहम्मद हदीस, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद तौहीद, मोहम्मद मुख्तार, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद सुल्तान, महफूज मंसूरी, अब्दुल रशीद, मकबूल अहमद अब्दुल आएज मोहम्मद हारून और मोहम्मद अशरफ, हारून रशीद, मोहम्मद मुक्तादिक, प्रवीण बानो, इस्लामुद्दीन मोहम्मद, जुलानी, अकबर अली, इस्लामुद्दीन, के हातिम अली, मोहम्मद अशरफ शामिल रहे। बाजार क्षेत्र से नवनीत अग्रवाल, भोलाई प्रसाद बसोर, तहसीन अहमद, उर्मिला सिंह अनिल सोनी अजय सोनी, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद रूएब के घरों में बिजली सम्बन्धी अनियमितताएं पाई गईं। कार्यवाही को लेकर पूरे दिन नगर में हड़कंप मचा रहा। कई दुकानदार शटर गिराकर फरार रहे। अधिकारियों का कहना है कि अभियान जारी रहेगा। कार्यवाही एवं बदनामी से बचने हेतु नियमानुसार विद्युत का उपयोग करें।

**इनका कहना है**

संयुक्त टीम के द्वारा दो दर्जन से ज्यादा जगहों में बिजली चोरी करते पाया गया है। कार्यवाही की जा रही है।

राहुल श्रीवास्तव, सहायक अभियंता
विद्युत विभाग कोतमा

# माध्यमिक शाला कन्या बस्ती में रंगारंग बाल मेला



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वार्ड क्रमांक 14 के माध्यमिक शाला कन्या बस्ती परिसर में बुधवार को बाल दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड की पार्षद कंचन गजेन्द्र सिंह, पार्षद सुभाष पटेल तथा समाजसेवी गजेन्द्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद तथा अन्य कर्मचारियों सविता प्रजापति, शैल शर्मा, एस. स्वाती राव द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद चाचा नेहरू के जीवन, उनके संघर्ष, बाल प्रेम तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान से संबंधित जानकारी बच्चियों को दी गई। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि चाचा नेहरू ने बच्चों को देश का भविष्य बताया था, इसलिए बाल दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि बच्चों को अधिकार, समान अवसर और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की प्रेरणा देने का दिन है। उन्होंने आज के समय में नेहरू जी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान, लोकतंत्र, शिक्षा और आधुनिक सोच की नींव नेहरू जी ने ही रखी थी, जो आज भी देश के विकास की दिशा तय कर रही है। मेले के दौरान बच्चियों ने विभिन्न खेल, कला प्रदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियों और रचनात्मक स्टॉलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने सभी बच्चियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में उपयोग की गई सभी सामग्रियों का क्रयदृव्यय समिति की पारदर्शी निगरानी में संपन्न किया गया। विद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों की टीम द्वारा आयोजित यह बाल मेला बच्चियों के लिए सीख और आनंद का अनूठा संगम बनकर उभरा। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और बाल दिवस का उल्लास बना रहा।

# बिहार चुनाव में जीत पर भाजपा कार्यालय में जश्न

### कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, गूंजे विजयी नारे

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को अनूपपुर भाजपा कार्यालय में ऐतिहासिक जीत का जश्न धूमधाम से मनाया। कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे चलाकर खुशी व्यक्त की। रामलाल रौतेल ने कहा कि बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन के पक्ष में मतदान कर एनडीए को सेवा का अवसर दिया है। जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि यह जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता अब गुंडाराज नहीं, बल्कि विकास चाहती है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर बिहार की जनता ने पूर्ण विश्वास जताया है। पार्टी कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारीयों की उपस्थिति में विजय के नारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।

### बिरसा मुण्डा जयंती पर आज होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती "जनजातीय गौरव दिवस" के उपलक्ष्य में 15 नवम्बर को शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा स्वसहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में होने वाले कार्यक्रमों को सीधे प्रसारण के माध्यम से आमजन को देखने एवं सुनने के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी।

# बाईक रैली के साथ न्यायोत्सव का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 14 नवम्बर को ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर बाईक एवं साईकल रैली को रवाना किया गया, जो कि जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर से होकर, इंदिरा तिराहा, मंदिर चैक एवं अमरकंटक तिराहें से वापिस होकर जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर में समाप्त हुई। इस अवसर पर न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन एवं जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसेल अधिवक्तागण ने अपनी सहभागिता दी। इस अभियान के तहत दिनांक 09 नवम्बर, 2025 से 14 नवम्बर, 2025 के मध्य मैराथन दौड़, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर/चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, स्वागतगीत एवं सरस्वती वंदन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में शास0 तुलसी महाविद्यालय, सरस्वती उच्च.मा./शिशु मंदिर विद्यालय, संस्कार विधिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय आई.टी.आई., शास. मॉडल उच्च.माध्य. विद्यालय, भारत ज्योति विद्यालय एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' के समापन कार्यक्रम के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदया श्रीमती माया विश्वलाल जी के करकमलों से प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए एवं अन्य प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ती प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, प्रथम जिला न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल, तृतीय जिला न्यायाधीश श्रीकृष्णा डागलिया, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बॉबी सोनकर न्यायिक दण्डाधिकारी, सुश्री सुधा पाण्डेय न्यायिक दण्डाधिकारी, बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी, संतोष सिंह परिहार अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ व अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण, श्रीमती सुधा शर्मा सदस्य उपभोक्ता फोरम, अरविन्द कुमार जैन थाना प्रभारी सिटी कोतवाली अनूपपुर, प्रतियोगिताओं में भाग लिए छात्र/छात्राऐं, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौरव दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में पत्रकार वार्ता हुई आयोजित

### कलेक्टर ने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आज आयोजित पत्रकार वार्ता में भगवान बिरसा मुण्डा जी के 150 वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 15 नवम्बर को आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में और जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर 2025 को शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री कुसुम मरकाम सहित बड़ी संख्या में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के अवसर पर 01 नवम्बर से जिले में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक विकास को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से जनजातीय गौरव रथ यात्रा रवाना की गई तथा विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, रंगोली, निबंध सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा स्वसहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में होने वाले कार्यक्रमों तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन को सीधे प्रसारण के माध्यम से आमजन को देखने एवं सुनने के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में नवाचारपूर्ण कार्यों, प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नीति आयोग द्वारा जिले को सम्मानित भी किया जा चुका है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत पीवीटीजी जातियों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिसमें पक्के आवास, आंगनबाड़ी केन्द्र, गांव-गांव तक सड़क, बहुउद्देशीय सामुदायिक केन्द्र, दूरस्थ गांवों तक मोबाईल मेडिकल यूनिट, शिक्षा के हॉस्टल, हर घर बिजली, हर घर नल से जल आदि से लाभान्वित किया जा रहा है। जिसमें जिले में कुल 8 आंगनबाड़ी केन्द्र, 3887 पीएम आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा ग्रामीण जन की सुविधा हेतु 9 बहुउद्देशीय सामुदायिक केन्द्र बनाए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों को आहार अनुदान योजना के अंतर्गत भी लाभान्वित किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों ने जिले के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराया तथा अपना सुझाव भी दिया।

# एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से अवगत कराने तथा राजनैतिक दलों के द्वारा बीएलए-1 एवं बीएलए-2 के नियुक्ति के संबंध में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर में सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से मदन त्रिपाठी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से जिवेन्द्र सिंह, बहुजन समाज पार्टी से गिरधारी साहू, कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से सत्यनारायण राठौर तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय निगम उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा क्षेत्र 86-कोतमा, विधानसभा क्षेत्र 87-अनूपपुर तथा विधानसभा क्षेत्र 88-पुष्पराजगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की अब तक की प्रगति के संबंध में चर्चा की गई तथा जिले के राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बीएलए-1 एवं बीएलए-2 के नियुक्ति के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

### आज पवित्र नगरी आयेंगे केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह 15 नवम्बर को शाम 6 बजे अमरकंटक पहुचेंगे एवं अमरकंटक में रात्रि विश्राम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह अमरकंटक में 16 नवम्बर को प्रातः 10 बजे हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट तथा टेक्सटाइल के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में भाग लेंगे। तत्पश्चात अमरकंटक में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। रात्रि विश्राम अमरकंटक में ही करेंगे। 17 नवम्बर को प्रातः 6 बजे अमरकंटक के मां नर्मदा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 8 बजे अमरकंटक से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कलेक्टर ने धिरौल में स्वास्थ्य शिविर व विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के विकासखंड जैतहरी के ग्राम पंचायत धिरौल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में रोगों की जांच, दवा वितरण तथा गर्भवती महिलाओं की जांच की स्थिति का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से गर्भवती महिलाओं को टीएचआर वितरण की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित पटवारी से फसल नुकसान सर्वे, नक्शा तरमीम, एवं अन्य राजस्व सेवाओं के निराकरण की स्थिति पूछी। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत धिरौल में निर्माण कार्य, नल-जल योजना, तथा अन्य शासकीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी सरपंच से प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उप सरपंच, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय में आज जनजातीय गौरव दिवस का होगा आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस 2025 के अवसर पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा जारी की है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। इसके बाद जनजातीय गौरव यात्रा निकाली जाएगी, जो विश्वविद्यालय मुख्य द्वार से लक्ष्मण हनुवंत ऑडिटोरियम तक पहुंचेगी। मुख्य समारोह जनजातीय गौरव दिवस महोत्सव के रूप में सुबह 11:15 बजे से ऑडिटोरियम में प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल उपस्थित रहेंगे।विशिष्ट अतिथियों में कोल जनजातीय विकास परिषद के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहक्षेत्र प्रचारक प्रेम शंकर सिदार, विशिष्ट अतिथि शहडोल संसदीय क्षेत्र की संसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, और विशिष्ट अतिथि में जनपद अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ श्रीमती मिथिलेश प्रमोद मरावी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति मा. प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी करेंगे, जबकि विशेष उपस्थिति कार्य परिषद इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी अमरकंटक के सदस्य मोरध्वज पैकारा की होगी। पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय की आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. भूमिनाथ त्रिपाठी तथा प्रोफेसर डॉ.तरुण ठाकुर और प्रोफेसर विकास सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बिरसा मुंडा के बलिदान, जनजातीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को युवाओं तक पहुँचाना है।